उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्
राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, तपोवन रोड़, रायपुर, देहरादून
दूरभाष 0135-2781942
Website: http://ssa.uk.gov.in, E-mail - spd-ssa-uk@.nic.in
Toll Free Number:- 1800-180-4132

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

विज्ञप्ति

पत्रांक : रा0प0का0 / 1123 /प्रशा0प्रति0/2024–25, दिनांक 22 नवम्बर 2024

उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत समग्र शिक्षा के राज्य एवं जनपद स्तर पर समन्वयकों के पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से तैनाती किये जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में से अर्ह अभ्यर्थियों की मेरिट सूची वरीयता क्रम में समग्र शिक्षा की वेबसाइट https://ssa.uk.gov.in एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड/उपलब्ध करा दी गयी है।

मेरिट सूची में क्रम संख्या 01 से 130 तक के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि रिक्त पदों के सापेक्ष कार्यालय आवंटन के सम्बन्ध में मंगलवार, दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड में काउन्सिलिंग आहूत की गयी है। काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किये जाने की स्थिति में सम्बन्धित के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा एवं इस हेतु किसी भी प्रकार का टी0ए0/डी0ए0 देय नहीं होगा।

(झरना कमठान)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

पृ0सं0 रा0प0का0 / 1123 /प्रशा0प्रति0/2024–25, तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि :–

01– सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 23 नवम्बर, 2024 के उत्तराखण्ड संस्करण में, जिसका राज्य के दोनों मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी0ए0वी0पी0 दरों पर 10X10 वर्ग से0मी0 साईज में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा बिल भुगतान हेतु दो प्रतियों में राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
02–मुख्य शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।
03–प्रधानाचार्य, सम्बन्धित विद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि काउन्सिलिंग में प्रतिभागिता हेतु सम्बन्धित को नियमानुसार अवकाश देय होगा।
04–सिस्टम एनालिस्ट, राज्य परियोजना कार्यालय को इस आशय के साथ कि संलग्न मेरिट लिस्ट समग्र शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
05–एम0आई0एस0 समन्वयक, महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा को इस आशय के साथ कि संलग्न मेरिट लिस्ट विद्यालयी शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(झरना कमठान)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।